दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 343 मुरादाबाद 15 April 2022 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## नेहरू का हटा नाम, PM मोदी ने किया नए प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन; खरीदा पहला टिकट





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रधानमंत्री संग्रहालय (PM Museum) का आज उद्घाटन किया। मोदी करीब 11 बजे तीन मूर्ति भवन में नेहरू स्मारक एवं संग्रहालय पहुंचे जहां केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने उनका स्वागत किया। उन्होंने ने बाद में संग्रहालय का भ्रमण किया और इसके बाद शिलापट्ट का अनावरण करके संग्रहालय का उद्घाटन किया। यहां उन्होंने पहला टिकट भी खरीदा।यह शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया गया है। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एम जे अकबर भी मौजूद थे। आजादी का अमृत महोत्सव के उत्सव के दौरान शुरू हुए इस संग्रहालय में स्वतंत्रता के पश्चात सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और योगदान के माध्यम से लिखी गई भारत की गाथा का वर्णन किया गया है। आपको बता दें कि पहले इसे नेहरू मेमोरियल के नाम से जाना जाता था।

### इस संग्रहालय की क्या है खासियत

इस संग्रहालय में दो ब्लॉक हैं। पहला ब्लॉक तत्कालीन तीन मूर्ति भवन और ब्लॉक 2 नया भवन। दोनों ब्लॉकों का कुल क्षेत्रफल 15 हजार 600 वर्ग मीटर से अधिक है। संग्रहालय के भवन का डिजाइन उभरते भारत की कहानी से प्रेरित है। डिजाइन में दीर्घकालिक और ऊर्जा संरक्षण से जुड़ी तकनीक को भी शामिल किया गया है। इसके निर्माण के दौरान न तो किसी वृक्ष को काटा गया है और न ही प्रतिरोपित किया गया है। संग्रहालय के लिए जानकारियों को प्रसार भारती, दूरदर्शन, फिल्म प्रभाग, संसद टीवी, रक्षा मंत्रालय, भारतीय एवं विदेशी मीडिया संगठनों, विदेशी समाचार एजेंसियों आदि जैसे संस्थानों के संसाधनों/संग्राहकों के माध्यम से एकत्र किया गया है। अभिलेखागार के उचित उपयोग, कुछ व्यक्तिगत वस्तुएं, उपहार और यादगार वस्तुएं (सम्मान पत्रों, सम्मान, प्रदान किए गए पदक, स्मारक टिकट, सिक्के आदि) और प्रधानमंत्रियों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को एक दर्शाया गया है।

### फोटो खिंचवाने के भी अवसर

होलोग्राम, वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, मल्टी-टच, मल्टीमीडिया, इंटरेक्टिव कियोस्क, कम्प्यूटरीकृत काइनेटिक मूर्तियां, स्मार्टफोन एप्लिकेशन, इंटरेक्टिव स्क्रीन, अनुभवात्मक इंस्टॉलेशन आदि प्रदर्शनी सामग्री को अत्यधिक संवादात्मक और आकर्षक रूप प्रदान करते हैं। लोगों को अपनी पसंद के पूर्व या मौजूदा प्रधानमंत्री के साथ वर्चुअल तकनीक से तस्वीर खिंचाने की सुविधा होगी। यह संग्रहालय स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण तक की गाथा को भी सुनाता है। यह संग्रहालय यह भी बताता है कि कैसे हमारे प्रधानमंत्रियों ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद देश को नई राह दी और देश की सर्वांगीण प्रगति को सुनिश्चित किया।

## RSS चीफ मोहन भागवत बोले- 15 साल में फिर बनेगा अखंड भारत, राउत का पलटवार- 15 दिन का वादा कीजिए



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सनातन धर्म ही हिंदू राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि 15 साल में भारत फिर से अखंड भारत बन जाएगा और यह सब हम अपनी आंखों से यह देखने वाले हैं। भागवत ने कहा कि संतों और से ज्योतिष का मानना है कि 20 से 25 साल में देश फिर से अखंड भारत बनेगा। लेकिन अगर हम सभी मिलकर इस काम को गति दें तो 10-15 साल में ही अखंड भारत बन जाएगा। RSS चीफ ने कहा कि जो तथाकथित लोग सनातन धर्म का विरोध करते हैं, उनका भी उसमें सहयोग है। अगर वह विरोध न करते तो हिंदू जागता ही नहीं, क्योंकि वह सोता ही रहता। उन्होंने कहा कि अगर भारत उठेगा तो धर्म के माध्यम से ही उठेगा। धर्म का प्रयोजन ही भारत का प्रयोजन है। धर्म के उत्थान से ही भारत का उत्थान होगा।

### रास्ते में जो कोई भी आएगा, मिट जाएगा: भागवत

भागवत ने हरिद्वार में कहा, "भारत लगातार प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता जा रहा है। इसके रास्ते में जो कोई भी आएगा, वह मिट जाएगा। हम अहिंसा की ही बात करेंगे, पर यह बात हाथों में डंडा लेकर कही जाएगी। हमारे में मन में कोई द्वेष, शत्रुता भाव नहीं है, लेकिन दुनिया शक्ति को ही मानती है तो हम क्या करें।"

### राउत बोले- पहले आप वीर सावरकर को दीजिए भारत रत्न

भागवत के इस बयान पर शिवसेना सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। राउत ने कहा कि आप अखंड भारत बना लीजिए, लेकिन 15 साल का नहीं 15 दिन का वादा कीजिए और अखंड हिंदुस्तान बनाइए। उन्होंने कहा कि अखंड हिंदुस्तान का सपना कौन नहीं देखता है। वीर सावरकर, बाला साहेब ठाकरे का ये सपना था तो सबसे पहले आप वीर सावरकर को भारत रत्न दीजिए।

### तो हम आपका जरूर करेंगे समर्थन

राउत ने कहा, "कोई अखंड हिंदुस्तान की बात करता है तो उन्हें सबसे पहले क्षत्र और भारत से जोड़ना पड़ेगा, फिर जो पाकिस्तान का विभाजन हुआ था उसे भी भारत से जोड़ना पड़ेगा। पहले जहां भी भारत की सीमाएं हुआ करती थीं उन्हें भी जोड़िए। श्रीलंका को भी जोड़िए और फिर एक महा सत्ता बना लीजिए। आपको किसी ने नहीं रोका। लेकिन उससे पहले कश्मीरी पंडितों की घर वापसी करवा दीजिए और अगर आप ये कर लेते हैं तो हम आपका समर्थन जरूर करेंगे।"

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया डा भीमराव आम्बेडकर को नमन, बोले- सदैव कृतज्ञ रहेंगे देशवाशी



लखनऊ-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबासाहेब डाक्टर भीमराव आम्बेडकर की 131वीं जयंती पर उनको नमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज में डा आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष/कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राजय मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, पूर्व मंत्री डा महेन्द्र सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य जुगुल किशोर तथा लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब डा. आम्बेडकर ने सामाजिक असमानता को दूर करने और वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से भारत के संविधान में अनेक प्रविधान किए। भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। उन्होंने आजीवन अनुसूचित जाति वर्ग सहित सभी उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सशक्तीकरण के प्रयास हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। भेदभावरहित एवं समरस समाज का निर्माण ही हम सभी की डा. आम्बेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके बाद डा.आम्बेडकर महासभा के कार्यक्रम में भी उसके कार्य पर प्रकाश डाला और समाज के उत्थान में उनकी भूमिका के योगदान को सभी को बताया। सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस पर शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें याद करते हुये प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामना दी। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बाबा साहेब ने सामाजिक भेद-भाव के विरुद्ध अभियान चलाकर श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। 1990 में डा. आंबेडकर को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।

# महापुरुषों की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा -शहर में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयति बांदा रेलवे विभाग के कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र में पुस्पंजलि कर मनाते हुए बाबा साहब के सिद्धांतो में चलने के लिए लोगो से अपील की गई। इसी क्रम में बांदा के अम्बेडकर पार्क में भी बाबा साहब की मूर्ति पर मलयर्पण कर बड़े ही धूम धाम से मनाई गई।इसी क्रम में आज बांदा के छोटी बाजार जैन मंदिर में महावीर स्वामी जी की जयंती पर डी जे ढोल नगाड़े के साथ जैन समाज ने पूरे नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। साथ ही उनके दिए गए सिद्धांतो पर चलने की अपील की गई।इस अवसर पर जैन समाज की महिलाओं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

WWW.KNLSIVE.COM

# प्रख्यात व्यंग्यकार अशोक 'अंजुम' व लोकप्रिय लेखिका भारती शर्मा की पुस्तकों का लोकार्पण



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- अशोक अंजुम के मुक्तक संग्रह ज़रा-सी बात पर तथा भारती शर्मा के लघुकथा संग्रह एक की गुड्डी का लोकार्पण कार्यक्रम शिखर साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में स्वर्ण जयंती नगर स्थित साईं रेस्टोरेंट के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रधान आयकर आयुक्त श्री अशोक कुमार सरोहा, मंडलायुक्त श्री गौरव दयाल जी तथा राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय अलीगढ़ के कुलपति प्रो0 चंद्रशेखर ने अशोक %अंजुम% तथा भारती शर्मा को बधाई दी । कार्यक्रम के प्रथम सम्मान सत्र का संचालन अरविंद पंडित ने किया। द्वितीय लोकार्पण-सत्र का संचालन युवा कवि सुधांशु गोस्वामी ने तथा अंतिम कवि सम्मेलन - सत्र का संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं ओजस्वी कवि श्री हरीश बेताब ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अशोक कुमार सरोहा, श्री गौरव दयाल व प्रो0 चंद्रशेखर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 वेदप्रकाश अमिताभ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारती शर्मा के लघुकथा संग्रह में अधिकतर कथाएं सकारात्मक हैं जो समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगी। उन्होंने अशोक अंजुम के मुक्तक संग्रह के लिए भी शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कविता करना कोई खेल नहीं है, इसके लिए साधना करनी पड़ती है। आज अशोक अंजुम को उनकी साहित्य साधना ने ही उन्हें साहित्य के शिखर तक पहुंचाया है। भारती शर्मा ने परिवार के दायित्वों को संभालते हुए साहित्य के क्षेत्र में भी कदम रखा है उसके लिए हार्दिक शुभकामनाएं। वरिष्ठ कवि/व्यंग्यकार अशोक अंजुम ने कहा दिलों में गांठ पड़ जाए तो फिर मुश्किल से खुलती है, किसी की भावना से कभी खिलवाड़ मत करना । लोकप्रिय साहित्यकार भारती शर्मा ने कहा % गृहस्थ जीवन और साहित्य दोनों की जिम्मेदारियों को एक साथ निभाना मुश्किल था परन्तु गुरुजनों के आशीष तथा मित्रों व अपनों के सहियोग से साहित्य के पथ पर चलने की ऊर्जा मिलती रही है । इस अवसर पर डॉ. दौलत राम शर्मा ने फर्रुखाबाद के वरिष्ठ साहित्यकार कवि डॉ. शिवओम अंबर द्वारा अशोक अंजुम की पुस्तक पर लिखित आलेख का वाचन किया, वहीं श्री अरविंद पंडित ने भारती शर्मा की पुस्तक पर लखनऊ के वरिष्ठ साहित्यकार श्री राजेंद्र वर्मा द्वारा लिखित समीक्षा प्रस्तुत की। आमंत्रित कवि प्रो0आर0आर0 आज़ाद, नरेंद्र शर्मा नरेंद्र, डॉ0 दौलतराम शर्मा, नितिन नायाब, हरीश बेताब, कुमार चंद्रहास, योगेश सेंगर, सुधांशु गोस्वामी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार सरोहा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा अशोक अंजुम व भारती शर्मा जी को उनकी नई पुस्तकों के लिए बधाई दी। विशिष्ट अतिथि गौरव दयाल के अनुसार साहित्य के क्षेत्र में ये कार्य निश्चित रूप से समाज को उन्नत करेगा। विशिष्ट अतिथि प्रो0 चंद्रशेखर ने कहा साहित्य के क्षेत्र दोनों ही पुस्तकें श्रेष्ठ स्थान रखती हैं। इस अवसर पर विशेष आमन्त्रित अथिति के रूप में एडीएम प्रशासन श्री देवी प्रसाद पाल, हरदुआगंज पावर प्रोजेक्ट के जी.एम. श्री मयंक मांगलिक, मनीष बिट, प्रमोद शर्मा,डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. गणेश शर्मा, आयकर अधिकारी गजेन्द्र सिंह, श्री विद्यार्णव शर्मा, श्री सौरभ अग्रवाल ( एड.), हिमांशु मित्तल, आर. के. गुप्ता ( एड.) , एस. सी . अस्थाना आदि प्रबुद्ध जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गर्म हवा व लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी, डीएम ने बचाव के दिए टिप्स

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे. ने गर्म हवा व लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए उससे बचाव के बारे में बिन्दुवार जानकारी देते हुए जनपदवासियों से अपील की है कि वे गर्म हवा व लू से अपना बचाव करें एवं सुरक्षित रहें। जिलाधिकारी ने बताया है कि गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों एवं पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें व सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थो का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें

# भीमराव अंबेडकर का 131 वी जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - आम आदमी पार्टी फर्रुखाबाद के द्वारा भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का 131 मा जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया कार्यक्रम शहर से सटे ग्राम रामनगर निकट रमन्ना गुलजारबाग में पिंटू शाक्य के निवास स्थान पर मनाया गया जिसको पार्टी के पूर्व जिला महासचिव राज गौरव पांडे ने भीमराव अंबेडकर के चित्र फल माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए एव पूर्व पूर्व कोषाध्यक्ष गौतम कश्यप ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा सभी साथियों ने बाबा जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस मौके पर राज गौरव पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान लिखा है उससे यहां के निवासी सभी बराबर के भागीदार है जैसा कि वोट देने का अधिकार सभी को है उन्होंने सभी को शिक्षा सामाजिक सुरक्षा आदि लागू किया जिस कारण हम सभी भारतीय संपूर्ण रूप से भारतीय संविधान में आस्था रखते हैं पता संविधान के नियमों का सभी लोग पालन करते हैं आने वाले समय में लोग बाबाजी को याद कर उनके संविधान को याद करते हैं इस मौके पर विवेक कुमार कुशवाहा डॉक्टर अनमोल पाल जितेंद्र दीक्षित रामकृष्ण कश्यप ईश्वर दयाल शाक्य रविंद्र शाक्य अर्जुन शाक्य राजपाल शाक्य सुशील कुमार संजय ठाकुर सुमित कुमार कुलदीप कुमार कन्हैया लाल आशीष कुमार अमित दीक्षित केशराम बाथम उमेश चंद बाथम उपस्थित रहे सभी लोगों ने बाबा साहब के नारे लगाए

# महानगर में प्रदूषण चरम सीमा पर है पेयजल की स्थिति को अतिशीघ्र ठीक किया जाए-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने प्रदूषण को लेकर प्रदूषण विभाग एवं नगर निगम पर सवाल उठाए भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि महानगर की सीमा के अंदर कई क्षेत्रों में दूषित पानी आ रहा है हेडपंप अधिकांश खराब पड़े हैं अवैध कट्टी घरों से पूरे शहर में प्रदूषण फैल रहा है लोगों में तरह-तरह की बीमारियां फैलने की आशंका है शहर के कई क्षेत्रों में दूषित पानी आ रहा है उस पानी को पीने के लिए लोग मजबूर हैं ऐसी शिकायतें संगठन को प्राप्त हो रही है उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से एवं प्रदूषण विभाग से कहा है कि अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए उन समस्याओं को दूर कराएं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि धनीपुर क्षेत्र में हेड पंप सभी खराब पड़े हैं पीने के पानी के लिए लोग काफी परेशान हैं ऐसी भीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता है यह भी क्षेत्र 3 वर्षों से नगर निगम के क्षेत्र में ही आता है इतनी लापरवाही ठीक नहीं होती है तरफ नगर आयुक्त अपर नगर आयुक्त दोनों ध्यान दें यह समस्याएं जनता की बहुत गंभीर है भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ने दोनों विभागों को चेतावनी दी है जनता की इन समस्याओं को दूर करें इन समस्याओं की तरफ ध्यान दें अन्यथा इन समस्याओं के निदान के लिए शीघ्र शिकायतें माननीय नगर विकास मंत्री जी से पत्र भेजकर की जाएगी

# बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया शरबत वितरण का आयोजन

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-काशीराम जी आवास विकास योजना जनपद मुरादाबाद में विश्वरतन बोधिसत्व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जन्मोत्सव के अवसर पर किया गया शरबत वितरण का आयोजन कांशीराम जी आवास विकास योजना, जनपद मुरादाबाद में विश्वरत्न, बोधिसत्व, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के 131 वें जन्मोत्सव के अवसर पर आज दिनांक 14/04/2022 को श्रद्धेय विशाल कुमार जाटव जी के नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ मेरे द्वारा फीता काटकर किया गया इस अवसर पर मेरे साथ बुद्धिजीवी साथी भाई मनीष कुमार गौतम एवं गौतम सिंह जी श्रद्धेया पूनम भारती उपस्थित रहे और सभी ने अपने अपने विचार भी प्रकट किए तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला इसके अलावा मोहल्ले के सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर सभी को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां सर्वत वितरण कार्यक्रम में श्रद्धेय गौतम सिंह, मनीष कुमार गौतम, विशाल कुमार जाटव, रोहित कुमार, भजनलाल दिवाकर सिंह, जस वंत सिंह, रवि कुमार सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष रूप सिंह भारती शशि जाटव जी, विपिन आदि लोग मौजूद रहे

# बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 131 वी जयंती का आयोजन कर ''समता दिवस'' के रूप में हर्षोल्लास मनाया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-आज जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर कांग्रेस ने भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 131 वी जयंती का आयोजन कर 卐समता दिवस卐 के रूप में हर्षोल्लास मनाया अंबेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाबा भीमराव अंबेडकर का संविधान सभी वर्गों को समान अधिकार देता है सबके अधिकार सुरक्षित रखता है इसलिए कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती को 卐समता दिवस卐 के रूप में मनाया गया बाबा भीमराव अंबेडकर जी का संविधान दुनिया में सबसे श्रेष्ठ संविधान है जिसमें सभी वर्गों दबे कुचले पिछड़े दलितों के अधिकार सुरक्षित हैं यह संविधान की सुरक्षा हर नागरिक का कर्तव्य है बाबा भीमराव अंबेडकर का मूल मंत्र है 卐शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो卐 कांग्रेस पार्टी भारतीय संविधान के प्रति वचनबद्ध है सदैव संविधान के उच्च शिखर को प्राप्त कर जनता के हितों की रक्षा करने को संकल्पित है सभी वक्ताओं ने अंबेडकर जी के जीवन और विचारों पर चलने का संकल्प लिया मुख्य रूप से श्री असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष, अफजल साबरी चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग ,मौहतसिम मुख्तार ,गयूर , राजेंद्र बाल्मीकि जिला अध्यक्ष अनुसूचित विभाग, सतीश दिवाकर, भयंकर सिंह बौद्ध मोहम्मद, नाजिम ,रईसुल कलाम आजाद, सुरेश चंद्र सक्सेना आदि ने पुष्प अर्पित कर विचार प्रकट किए।

# कुन्दरकी में जैन श्रावकों ने मनाई महावीर स्वामी जयंती



मुरादाबाद-जैन श्रावकों ने सामूहिक रूप से मंदिरों में महावीर जयंती मनाई और जैन अनुयायियों द्वारा प्रक्षाल एवं पूजा पाठ किया गया। गुरुवार को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी 2621वें का जन्म कल्याण महोत्सव भक्ति भाव के साथ अपने आराध्य का गुणगान किया। जैन श्रावक द्वारा भगवान महावीर चालीसा, स्त्रोत्र, भक्तांवर पाठ, महावीरराष्टक स्त्रोत्रम, पूजन पाठ, जिनवाणी पाठ का सार का मुख्य रूप से भक्तिभाव के साथ अनुसरण किया। भगवान महावीर स्वामी से समस्त संसार प्राणि सहित जीव जंतुओं के लिए प्रार्थना की गई। उधर नगर स्थित गांधी आश्रम के सामने चैत्यालय श्री अजीतनाथ दिगंबर व मोहल्ला कायस्थान स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तथा हरियाना स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा भगवान स्वामी की प्रतिमा का प्रक्षाल किया गया। जैन धर्म की अनुयायी कुलवंत राय जैन ने बताया कि भगवान महावीर जन्म उत्सव मनाया गया। मंदिरों में प्रक्षाल के उपरांत अष्ट द्रव्य से भगवान महावीर स्वामी का गुणगान किया गया।

# हथियारबंद बदमाशों ने दो ट्रेनों में लूट की घटना को दिया था अंजाम

## जीआरपी पुलिस ने किया खुलासा



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद में हथियारबंद बदमाशों ने दो ट्रेनों में लूट की घटना को दिया था अंजाम जीआरपी पुलिस ने किया खुलासा दो बदमाश गिरफ्तार उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र गोविंद नगर कटघर यार्ड के पास 10 तारीख की देर रात को हथियारबंद बदमाशों ने एक के बाद एक दो ट्रेनो में यात्रियों के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था जिसमें आज जीआरपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए 6 मोबाइल एक तमंचा व चाकू नगदी समित बरामद कर लिया है एसपी जी आरपी अपर्णा गुप्ता प्रेस वार्ता कर किया घटना का खुलासा दरअसल कटघर थाना क्षेत्र गोविंद नगर कटघर यार्ड के पास सिग्नल ना मिलने पर आउटर पर खड़ी दो ट्रेनों में हथियारबंद बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दे दिया था बदमाशों ने एक के बाद एक ट्रेन में यात्रियों के साथ लूट की थी एक बदमाश के द्वारा किए गए हमले में 1 यात्री घायल भी हो गया था यात्रियों के पास से लाखों का सामान वा ज्वेलरी बदमाशों ने लूट लिया था

घटना वाली रात मामले में लापरवाही बरतते हुए रेलवे पुलिस ने दो जीआरपी के कांस्टेबल को निलंबित कर दिया था और दो आरपीएफ के कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया था मामले की जांच पड़ताल व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुट गई थी घटना स्थल का निरीक्षण करने के लिए जीआरपी के आईजी सत्येंद्र कुमार सिंह भी मुरादाबाद पहुंचे थे आज जल्द घटना के अनावरण की बात कही थी और जीआरपी ने आज इस पूरे मामले का खुलासा कर दिया है पुलिस ने देर रात दो बदमाशों के साथ मुठभेड़ करते हुए गिरफ्तार कर लिया और दो बदमाश फरार हो गए पुलिस ने बदमाशों के पास से 6 मोबाइल नगदी तमंचा चाकू बरामद किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*

*संपादक - नरेश राज शर्मा*

*मो. 9027776991*

**Title Code : UPBIL05086**

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*


## संपादकीय Editorial

# Watch the plot

The atmosphere seems to be building as if some western countries want to tighten the noose on India, because India is not openly criticizing Russia. Even if this information is a well thought out rumour, it is still a matter of concern to us that Germany is considering keeping India out of the G-7 meeting for not speaking out against Russia over the attack on Ukraine. India should keep an eye on such information or diplomatic conspiracies with utmost seriousness. Some countries of the West including America are instigating India to pit India against Russia on one pretext or the other. America has also made a similar effort and if something similar is going on in the minds of some German diplomats, then one should not be surprised. Actually, Germany is going to host the meeting of Group-7 countries from 26 to 28 June and India is also named in the list of participants. Will Germany revise this list now? Will he go against India? Does he have a solid ground to go against India? It is worth noting that even finding America is not getting a similar solid basis to put India in the dock. By the way, information has also come to the fore from Germany that there is no plan to not invite the Indian Prime Minister. In fact, some European countries are going to use all the upcoming international meetings against Russia. Therefore, if he adopts the strategy of not including India in such meetings, then he should be careful. India has to go on thwarting any conspiracy to sideline or ignore, and this is being done well by the Indian Ministry of External Affairs. We have our own interests and we are not bowing down to any foreign power or alliance, so it is a proof of our strength. We have not previously been with Russia's imperialist efforts, nor have we made any promises of support to the Ukrainian government in times of war or attack. It is a matter of great regret, the same countries, which are openly criticizing the President of Ukraine, are taking their anger out on India. There are still many steps European countries can take to stop Russia, but they are more concerned about their vested interests. They cannot compromise on their needs, but are pressurizing India to compromise. It is a matter of great sadness and shame, the threat of a third world war seems to be standing on the threshold, but many western countries are still unable to think judiciously. Even on the front of terrorism, illiteracy, health or poverty, the attitude of these countries has been biased. Their rules and regulations are something for themselves and something else for the second or third world. If we take the latest example of America, then Sikhs are being attacked there from time to time, but the US Secretary of State expressed concern over human rights in India. India is not in favor of war at all, it has been clearly stated on every platform. We are saddened by the behavior of our old tried friend Russia, but this does not mean that we should turn our backs on Russia at the behest of some purely selfish country.

## For the first time, Priyanka Chopra said such a big thing about the upbringing of her daughter, said- 'I will never be on her...'

Global star Priyanka Chopra does not need any identity today. Priyanka has achieved many milestones in her career. After marriage with Nick Jonas, Priyanka is constantly in the headlines. Recently Priyanka and Nick have become the parents of a daughter. The couple gave birth to their first child in January with the help of surrogacy. After this news came out, everyone congratulated him on social media. After the birth of her daughter, Priyanka's fans are desperate to get a glimpse of her. At the same time, for the first time, Priyanka has spoken openly about her daughter. She has told how she wants to raise her daughter. Priyanka Chopra recently spoke about her daughter during the launch of Lilly Singh's new book. She told how she wanted to raise and raise her daughter. She said, 'We are new parents now and I keep thinking about it all the time. I keep thinking that I will never force my desires, fears, my upbringing on my child. I have always believed that children can find their way through you. I believe this because it has helped me too. My parents did not judge me and it is very helpful to make your life. Let us tell you that recently on April 12, Priyanka Chopra shared some of her childhood pictures on Instagram. In this picture, she is seen with her maternal grandmother, mother Madhu Chopra and friend Priyam Mathur. These photos were shared by the actress on her grandmother's birthday. Along with this, the actress had told that when her parents were busy in making their career, her maternal grandmother took care of them like a mother.



## Genelia D'Souza wraps up shooting for 'Mr Mummy', will be seen with husband Riteish Deshmukh

The name of Bollywood actor Riteish Deshmukh and actress Genelia D'Souza is one of the few couples who are well-liked by the fans offscreen as well as onscreen. The love story of both also started on the shooting set of the film itself, after which the couple gave their love the form of marriage. Riteish-Genelia are said to be the cutest couple of Bollywood, so now both of them will soon be seen in the film Mr. Mummy. Genelia D'Souza has completed the shooting of the film. Mr Mummy - shot in England by Bhushan Kumar's T-Series and Hectic Cinema Pvt Ltd's film Mr Mummy will see Bollywood's cutest and favorite couple Riteish Deshmukh and Genelia D'Souza. Just a few days ago it was reported that the shooting of the comedy-drama film has started in many places in England. Riteish-Genelia's fans were very happy only after the announcement of this film. Now, Genelia D'Souza has finished shooting for her part... She tagged her team on her social media account and shared a cute post that read "A fun crew". Kya Hai Cast & Crew - The story of this film revolves around a couple whose ideology when it comes to children - is completely - different from each other. But destiny brings a different twist in the life of the Childhood Sweetheart with a bumpy ride of comedy, drama, revelations and realizations. Let us inform that Gulshan Kumar and T-Series present the film Mr Mummy by T-Series Films and Hectic Cinema Pvt Ltd Production. Directed by Shaad Ali, the film is produced by Bhushan Kumar, Krishan Kumar, Shaad Ali and Shiv Anant.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# मोबाइल लूटपाट की घटना का किया सफल अनावरण

## प्रकाश मे आया अभियुक्त लूटे गये मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थान अलीगंज पुलिस को मिली सफलता, थाना अलीगंज पुलिस ने मोबाइल लूटपाट की घटना का किया सफल अनावरण, घटना में प्रकाश मे आया अभियुक्त लूटे गये मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार। *घटना–* दिनांक 12.02.2022 को वादी रामसरन पुत्र अंग्रेज निवासी ग्राम गलारपुर थाना अलीगंज जनपद एटा द्वारा थाना अलीगंज जनपद एटा पर इस आशय की लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 08.02.2022 को कस्बा अलीगंज से घर जाते समय झकरई भट्ठी अलीगंज मैनपुरी रोड के पास समय करीब 15–10 बजे मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया है। इस सूचना पर थाना अलीगंज पर मु0अ0स0 35/2022 धारा 392 भादवि बनाम तीन व्यक्ति अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। *गिरफ्तारी– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण एवं फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज को निर्देशित किया गया दिनांक 14.04.2022 को थाना अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्त कर्मवीर पुत्र उजागर सिंह निवासी श्यामनगर कस्बा व थाना कायमगंज फर्रुखाबाद को समय सुबह करीब 09–30 बजे कैल्हा चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर मोबाइल फ़ोन को भी बरामद कर लिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा आज दिनांक 14.04.2022 को जनपद के अग्निशमन विभाग कार्यालय में आयोजित एक समारोह अग्निशमन सेवा दिवस में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही अग्निशमन अधिकारियों और कर्मचारियों ने 1944 में मुंबई के बंदरगाह में खड़े इंग्लैंड के फोर्ट स्ट्रिकेन जहाज में भीषण अग्निकांड में शहीद हुए कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सेवा भावना के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया, साथ ही अग्नि सुरक्षा सप्ताह के संबंध में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। अग्निशमन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि 1944 में मुंबई में नौ हजार टन वाले जहाज में अचानक आग लग गई थी। और अग्निकांड के दौरान हुए विस्फोट में अग्निशमन का कार्य करते हुए 66 कर्मचारी शहीद हो गए थे। तब से उन शहीदों की याद में 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 20 अप्रैल तक मनाया जाता है।कार्यक्रम में एफएसओ सतीश कुमार एलएफएम राजेंद्र सिंह प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने वक्तव्य के दौरान यह बताया गया की द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश कार्गो शिप फोर्ट स्टीफिन में टनो विस्फोटक, फायटर एयरक्राफ्ट और कई अना सामान भरकर यूनाईटेड किंगडम से लाया जा रहा था रास्ते में इसी शिप में कराची से सुती कपडे एवं रूई के सैकड़ों गढ़वर लाद लिये गये थे। आग लगने के खतरे के कारण ये गटठर शिप पर रखे 300 टन डायनामाइट के निचले तल पर रखे गये। 14 अप्रैल 1944 की दोपहर यह शिप मुम्बई के विक्टोरिया डाक पर पहुँचा जहा शिप में अचानक आग लग गई। अग्निशमन कर्मियों द्वारा तेज उठती लपटों के बीच खतरनाक काम को अनजाम देते हुये अपनी जान की परवाह न करते हुये अग्निशमन कार्य प्रारम्भ किया। अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग पर काबू पा लिया गया था परन्तु सैना की विस्फोटक सामग्री से भरे होने के कारण विस्फोटक तक आग पहुँचते ही कुछ ही समय में भीषण धमाके हुये जो इतने भयावह थे कि पूरा मुम्बई शहर हिल गया। धमाको के कारण बन्दरगाह पर खड़े 12 जहाज तबाह हो गये, जिनमें से 400 टन बजन वाला एक जहाज पानी से जमीन पर जा गिरा बन्दरगाह पर जितने भी लोग मौजूद थे सभी की मौके पर मौत हो गयी थी, जिसमें फायर सर्विस के 66 फायर कर्मियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी। उन्ही 66 शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धाजलि देने के लिये प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को 卐अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस एवं 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 卐अग्निशमन सेवा सप्ताह 卐 के रूप में मनाया जाता है। वहीं अग्नि शमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के संबंध में फायर ब्रिगेड गाड़ियों की रैली निकाली गई साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए पंफलेट भी बांटे गए।इसके बाद नगर में कई स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई। लोगों को आग से बचाव के गुर सिखाए गए। इस दौरान प्रचार- प्रसार सामग्री और पंफलेट आदि का वितरण किया गया। एक सप्ताह तक सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और कॉलेजों में फायर सर्विस की तरफ से आग से बचाव के तरीके बताए जाएंगे।

# दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहे 1 अभियुक को गिरफ्तार किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, थाना मारहरा पुलिस द्वारा दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहे 1 अभियुक को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार आज दिनांक 14.4.2022 को थाना मारहरा पुलिस द्वारा दहेज हत्या की घटना में थाना मारहरा पर पंजीकृत मुअसं- 54/22 धारा 498/304क भादवि व 3/4 दहेज अधि0 में वाछिंत चल रहे 01 अभियुक्त को समय करीब 09.40 बजे पिदौरा अड्डा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भारत रत्न संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस अवसर पर एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने हमेशा दलितों पिछड़ों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी बैठक में जलेसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख गीतम सिंह राजपूत सेवा दल के वरिष्ठ नेता अरुणेश गुप्ता युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष इतेंद्र शाक्य महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरिता अंबेडकर जलेसर विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी नीलम राज महारेरा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी तारा राजपूत सकीट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र सविता अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी सीतलपुर के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज मिश्रा जिला सचिव वेदप्रकाश जयकुमार वार्ड अध्यक्ष संदीप बाल्मीकि प्रमोद बंटी जितेंद्र लोधी हीरा पाराशर आदि लोग उपस्थित थे

# थाने में 2 दिनों पुर्व निजी चैनल के दो पत्रकारों पर लिखा गया फर्जी मुकदमा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज जनपद के सिढपुरा थाने में 2 दिनों पुर्व निजी चैनल के दो पत्रकारों पर लिखा गया फर्जी मुकदमा फर्जी मुकदमा लिखने के विरोध में पत्रकार संघ के नेतृत्व में जिले के सभी पत्रकार बैठे जिलाधिकारी कार्यालय पर पत्रकारों का आरोप बालू खनन माफिया के सह पर पुलिस ने लिखा फर्जी मुकदमा बालू खनन की खबर चलाने पर पत्रकारों पर लिखा गया फर्जी मुकदमा पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने नहीं लिखा मुकदमा पत्रकारों की मांग सिढपुरा इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव को निलंबित किया जाए जब तक सिढपुरा स्पेक्टर को निलंबित नहीं किया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं जनपद के पत्रकारों ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन और कहां की जल्द से जल्द इसमें कार्रवाई होनी चाहिए

# विकास खंड ओडगी मे तारूण्य वार्ता मड़ई व जागरूक रैली हुआ संपन्न

## कुदरगढ़ में सेवा देने वाले सेवकों को किया सम्मानित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- ओड़गी- भारत स्काउट्स एवं गाइडस छतीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवम राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार रॉय जिला पदेन कमिश्नर सूरजपुर के आदेशानुसार एवम भारत स्कॉट्स एवम् गाइड्स के अध्यक्ष नरेन्द्र गर्ग जिला मुख्य आयुक्त श्री दुर्गा शंकर दीक्षित एवम भारत स्काउट्स एवं गाइड्स , जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवम् सहायक राज्य संगठन आयुक्त राम दत्त पटेल व गोवर्धन सिंह जिला प्रशिक्षण सलाहकार सूरजपुर के मार्गदर्शन व जयप्रकाश साय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी व पदेन सहायक आयक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जी के नेतृत्व मे आज भारत स्काउट्स एंड गाइडस तथा यूनिसेफ के तत्वावधान मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छाया चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। वहीं विख स्तरीय तारूण्य वार्ता मडई व भव्य रैली का आयोजन किया गया , जिसमे बाल संरक्षण , बाल अधिकारों की बुनियादी समझ, बच्चों के संदर्भ में हिंसा को समझना, बाल यौन शोषण ,यौन हिंसा, यौन उत्पीड़न लिंग भेद ,पितृसत्ता सोच लिंग के आधार पर बनी हुई। धारणाएं ,बाल विवाह , नशा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा, बच्चों की ऑनलाइन हिंसा से सुरक्षा,योन एवं प्रजनन स्वास्थ्य को समझना ,जीवन कौशल पर आधारित नगर भ्रमण रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, वॉलपेपर ,नारा, कविता,के माध्यम से जागरूक किया गया, वहीं चैत,नवरात्र मे कुदरगढ मे सेवा करने वाले भगत सिंह ओपन दल भटगांव के सर्विस रोवर पीताम्बर यादव, राकेश कुमार, व रूपनारायण यादव को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मुख्य रूप से श्री जयप्रकाश साय विख शिक्षा अधिकारी ओडगी, गोवर्धन सिंह जी जिला प्रशिक्षण सलाहकार सूरजपुर, कुंजलाल यादव विख सचिव ओडगी, भीमप्रसाद पैकरा, ब्लाक मिडिया प्रभारी, चन्द्र भवन सिंह कंवर स्काऊटर, अंजूषा टोप्पो, गाइडर , जैल सिंह स्काऊटर, मो महमूद, संजय देव पाण्डेय संकुल समन्वयक विभव सिंह गुर्जर, रूपनारायण यादव, राकेश कुमार, पीताम्बर यादव सर्विस रोवर सहित विख ओडगी के कुल 125 स्काऊट एवं गाइड्स उपस्थित रहे।

# चंद्रपुर सूरजपुर बाईपास रोड में अंबेडकर जयंती मनाया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- तत्पश्चात तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर साहब के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें अंबेडकर जी के आदमकद प्रतिमा लगाने हेतु ज्ञापन दिया गया है । कार्यक्रम में बीपीएस पोया मूलनिवासी अधिकार गण प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ ने अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा में दीप प्रज्वलित किए उनके नाम पर नीले झंडे लगाए उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती मनाना अच्छी बात है लेकिन सबसे जरूरी है भारतीय संविधान में मिले अधिकारो को जन जन तक पहुंचाना । आज पूरे भारतवर्ष के साथ साथ दुनिया के कई देश उनके जयंती मना रहें । कार्यक्रम में नवल सिंह सरूता,राहुल नेटी , देवसाय बैगा, रामदेव आयाम, बुध्दिमान नेताम, सत्यम साहू, रामजतन शोरी , सत्यनारायण , सूरज मरकाम, गंगा राम मरकाम , दीपक कुमार साहू अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग, सात दिवस के भीतर व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा चक्का जाम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- एक तरफ़ जहां गर्मी अपना तेवर दिखा रहा वहीं भैयाथान विकासखंड के ग्राम राई ( असनापारा ) में लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामवासियों का जीना दूभर हो गया है। इस समस्या को लेकर राई निवासी भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही पेयजल समस्या अभी सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है एक ओर जहां प्रदेश कांग्रेस सरकार बिजली बिल हाफ करने की बात करती है। वही दुसरी तरफ़ बिजली गुल व लो वोल्टेज की समस्या से जनता का बुरा हाल हो गया है एक ओर गर्मी में लोग परेशान हैं तो लो वोल्टेज के कारण न पानी पंप चल रहा ना ही कुलर-पंखा चल रहा है। इस समस्या को विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका। लो वोल्टेज की समस्या के कारण कई कार्य प्रभावित हो रहा है जिसके देखते हुए भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनुप जायसवाल ने अनुविभागीय अधिकारी भैयाथान को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप इस समस्या का शीघ्र समाधान करने कहा गया है। सात दिवस के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है तो ग्रामवासियों के साथ भाजयुमो सड़क में उतरकर चक्काजाम करेगी।

# राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य पूरा करें सम्बन्धित अधिकारीगण-जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- राजस्व वसूली से जुडे समस्त विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें। यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी अपनी व्यक्तिगत रूचि लेकर राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली कर लक्ष्य पूरा करना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में वसूली से जुडे विभागीय अधिकारियों के साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की गहन समीक्षा करने के दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने दिया है। उन्होंने जोर देते हुऐ कहा कि राजस्व वसूली से ही सरकार द्वारा तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है खनन, बैंक देय, परिवहन, विद्युत एवं नगर निकाय की वसूली लक्ष्य से कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को ढंग से कार्य करने की नसीहत दी है और हर हाल में वसूली कर लक्ष्य को भी पूरा करने का निर्देश दिया है। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी एवं जमुनहा सौरभ शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष, प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव, तहसीलदार क्रमशः इकौना प्रेम कुमार राय, भिनगा रामप्यारे एवं जमुनहा मो0 अहमद फरीद खान, जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी, वाणिज्य कर निरीक्षक तरूण पाण्डे, अधिशासी अभियंता विद्युत दिनेश पाल सिंह, परिवहन विभाग से यात्रीकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान एवं आबकारी निरीक्षक सहित राजस्व, परिवहन, विद्युत विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कुन्डे से लटकता हुआ मिला महिला का शव मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती खाने के बाद कमरे में सोने गई महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत महिला का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे से लटका पाया गया। परिजनों की सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर कोड़री के मजरा महराज गांव नीलू ( 25 ) पत्नी महेश कुमार खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गई थी। देर रात करीब 11 बजे जब महेश कमरे में पहुंचा तो वहां छत के कुंडे से फांसी के फंदे से नीलू का शव लटक रहा था। शव देखते ही घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मृतका के पिता को दी गई। सुबह होने पर मृतका के पिता व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। मायके पक्ष के लोगों ने मामले की जानकारी सोनवा पुलिस को दी। इस पर सोनवा प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि थाना पयागपुर जनपद बहराइच के ग्राम सेंवढ़ा निवासी भंडारी ने अपनी पुत्री नीलू की शादी महराज गांव निवासी महेश के साथ की थी। दोनों से एक साल का बच्चा भी है। सूत्रों की माने तो किसी बात को लेकर आए दिन पति पत्नी में विवाद होता रहता था। मृतका के पिता भंडारी ने तहरीर देकर ससुरालियों पर हत्या का अरोप लगाया है। वहीं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य व इकौना सीओ एमपी शर्मा ने भी मौके पर पहुंच कर घटना का जायजा लिया और सोनवा पुलिस को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आपका लोकप्रिय दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
ज्वाइन करने का सुनहरा मौका
आवश्यकता है
छत्तीसगढ़ राज्य और सभी राज्यों और जिला व सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की
संपर्क करें-
9027776991

# जरूरी काम वरीयता के आधार पर न कराने से एडीएम के तेवर बदले



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय जरूरी काम वरीयता के आधार पर न कराने से एडीएम के तेवर बदले काम वरीयता के आधार पर न कराने से एडीएम के तेवर बदले नवाबगंज फर्रुखाबाद अपर जिलाधिकारी ने नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जरूरी कार्यों को वरीयता के आधार पर न कराने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर पंचायत नवाबगंज के प्रशासन अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने गुरुवार को कार्यालय का निरीक्षण किया। कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर ईओ सुभाष चंद्र राजपूत से जानकारी ली। उसी दौरान कार्यालय पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज व आदेश राठौर ने मुख्य बाजार से बरतल वाली गली में लगातार पानी भरा रहने के बाद भी उसका निर्माण न होने व अन्य खराब पड़ी गलियों में निर्माण न कराने की शिकायत की। जिस पर एडीएम ने ईओ सुभाष चंद राजपूत व अवर अभियंता राजकुमार से जानकारी ली। उन्होंने जरूरी कार्यों को प्राथमिकता से न कराए जाने पर ईओ व जेई से नाराजगी जताई। उन्होंने ज्यादा जरूरत के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय के समीप गली में हुए इंटरलाकिंग कार्य व कस्बा चौराहे पर चल रहे नाला निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय परिसर में फुलवारी आदि लगवाने, परिसर में लगे हैंडपंप के पास वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर में एक जगह रखे कूड़ेदान को स्थान चिन्हित कर लगवाने को कहा। कार्यालय के समीप की गली में गंदगी देख सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अनुराग कुमार, प्रवीन कुमार, अमित कुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता, शिवम कुमार, विनोद शर्मा, अंबुज भारद्वाज रहे।

# सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने अवकाश को लेकर उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में पूर्व से चली आ रही भगवान परशुराम जी के प्राकट्य के अवकाश की सार्वजनिक व सरकारी अवकाश की मांग को लेकर एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी के नाम अलीगढ़ मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश महासचिव अरविंद पंडित के नेतृत्व में सौंपा अपने समाज की मांग को प्रशासनिक स्तर से जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा, जिसको जिलाधिकारी के निर्देश अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट महोदय ने रिसीव किया तथा शासन स्तर पर ज्ञापन अलीगढ़ के भाजपा सांसद श्रीमान सतीश गौतम जी एवं अलीगढ़ नगर विधायक श्रीमती मुक्ता संजीव राजा जी के माध्यम से अपनी मांग सरकार तक पहुंचाने हेतु दोनों जन प्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपा साथ ही आग्रह किया कि लंबे समय से चली आ रही

भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव के अवकाश को सार्वजनिक रूप से शासन स्तर से स्वीकृत कराने का पुरजोर कार्य करें इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अरविंद पंडित अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा अश्वनी अग्निहोत्री जी उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा मंत्री रामकिशन शर्मा कासगंज प्रभारी मनोज शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे.

# पेंड्रा विकासखंड में उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा विगत दिवस पेंड्रा विकासखंड के जनपद पंचायत परिसर प्रशिक्षण हॉल में उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मरवाही विधायक डॉ. के के ध्रुव ने कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए निरंतर मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होती है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत पात्रता शर्तें, अंशदान एवं अनुदान, आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के सूची, ऋण सुविधा, मार्जिन मनी, अनुदान आदि की जानकारी विस्तार से दी गई। इसके साथ ही उनके द्वारा औद्योगिक नीति 2019-24, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्यान्न उन्नयन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। बैंकिंग गतिविधियों एवं प्रक्रिया के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक से श्री अनिल पंजाबी द्वारा जानकारी दी गई तथा जिले के सफल उद्यमियों में श्री संजय गुप्ता एवं श्री सैयद इमरान द्वारा उद्यमी संघर्ष के अपने अनुभव साझा किए गए। श्रम पदाधिकारी श्री देवेंद्र देवांगन द्वारा उद्यमिता विकास की प्रक्रिया तथा सफल उद्यमी बनने के लिए आवश्यक गुणों की जानकारी विस्तार से दी गई। इसके साथ ही परिसर में पेंड्रा विकासखंड के वैष्णवी महिला स्व सहायता समूह, ग्राम गिरारी के स्वर्ग स्व सहायता समूह, ग्राम लाटा के अनुग्रह स्व सहायता समूह, ग्राम अमारु की महिला स्व सहायता समूह आदि द्वारा निर्माण किए गए उत्पादों व सामग्रियों का स्टॉल भी लगाया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुवंर श्याम, अध्यक्ष जनपद पंचायत पेंड्रा श्रीमती आशा बबलू मरावी, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सरोजिनी लहरें, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र

श्री टी आर कश्यप, श्रम पदाधिकारी श्री देवेंद्र देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पेंड्रा श्रीमती इंदिरा मिश्रा, शासकीय महाविद्यालय पेंड्रा और आईटीआई के प्राचार्य, विभिन्न सफल उद्यमी, छात्र और स्व सहायता समूह के सदस्य आदि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की

## नक्सल प्रभावित जिलों को दिए जाने वाली विशेष सहायता राशि फिर से शुरू करने का किया आग्रह



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से जीएसटी प्रणाली से राज्य के संसाधनों पर हुए असर तथा नक्सल समस्या से जुड़े नीतिगत विषयों पर गृहमंत्री से विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचार सुविधा बढ़ाने, बस्तर में सीआरपीएफ की दो और बटालियन की तैनाती, बस्तरिया बटालियन के गठन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के 7 नक्सल प्रभावित जिलों को दिए जाने वाली विशेष सहायता राशि को फिर से शुरू करने का आग्रह किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीएसटी क्षतिपूर्ति का मुद्दा भी उठाया। श्री बघेल ने कहा कि राज्यों को दी जाने वाली जीएसटी क्षतिपूर्ति बंद करने पर राज्य की आर्थिक स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। नक्सल प्रभावित राज्यों में विकास कार्य के लिए राशि नहीं मिलेगी तो इसका काफी असर पड़ेगा। इस पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार का आग्रह किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बस्तर अंचल में लौह अयस्क प्रचुरता से उपलब्ध है। यदि बस्तर में स्थापित होने वाले स्टील प्लांट्स को 30 प्रतिशत डिस्काउन्ट पर लौह अयस्क उपलब्ध कराया जाए, तो वहां सैकड़ों करोड़ का निवेश तथा हजारों की संख्या में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक क्षेत्रों के कारण बड़े भाग में अभी तक ग्रिड की बिजली नहीं पहुंच पाई है। सौर उर्जा संयंत्रों की बड़ी संख्या में स्थापना से ही आमजन की उर्जा आवश्यकता की पूर्ति तथा उनका आर्थिक विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने वनांचलों में लघु वनोपज, वन औषधियां तथा अनेक प्रकार की उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण एवं विक्रय की व्यवस्था के लिए कोल्ड चेन निर्मित करने अनुदान दिये जाने का आग्रह किया। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नक्सल प्रभावित जलिों के विकास से जुड़े मुद्दों रखे। इस दौरान उन्होंने आजीविका विकास, नक्सल क्षेत्रों में बैंकों, सड़कें, आधारभूत संरचना के विकास संबंधी मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। इस बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू और पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा भी शामिल रहे। मुलाकात के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने सुझावों और आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार कर मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया है।

## बिलासपुर में आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला में भाग लेने रवाना हुए जिले के किसान



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर.के. खुटे द्वारा जिले के किसानों को राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला शैक्षणिक भ्रमण एवं कृषक संगोष्ठी में भाग लेने साइंस कॉलेज मैदान बिलासपुर के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान कृषकों में भारी उत्साह देखा गया ।वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री टी आर दिनकर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 से 15 अप्रैल तक बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय किसान मेला के लिए उद्यान विभाग द्वारा आज 200 किसानों को गौरेला विकासखंड के लालपुर, भदौरा, खोडरी और करगीखुर्द से 4 बसों द्वारा भेजा गया है। इसी प्रकार 14 अप्रैल को पेंड्रा विकासखंड के 200 किसानों को पतगवा, नवागांव, कोटमीकला, सोनकुंड और 15 अप्रैल को मरवाही विकासखंड के 200 किसानों को मरवाही लरकेनी, अंडी, दानीकुंडी के बस पॉइंट से रवाना किया जाएगा। राज्य स्तरीय कृषि समृद्धि मेला, कृषि पाठशाला में किसानों को कटाई उपरांत प्रौद्योगिकी सिंचाई की नई पद्धति, मशीनरी एवं उपकरण, उर्वरक, बीज और कृषि भूमि के उच्चतम उपयोग आदि से प्रशिक्षित किया जायेगा। नई तकनीकों को सीखने एवं जानने के लिए उपस्थित सभी कृषकों में हर्ष और उत्सुकता देखी गई। कृषकों द्वारा उक्त मेला आयोजन के लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

आपका लोकप्रिय दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

ज्वाइन करने का सुनहरा मौका

आवश्यकता है

बरेली मुरादाबाद बदायूं उधम सिंह नगर की सभी तहसील एवं ब्लाक स्तर पर रिपोर्टर की

संपर्क करें- 9027776991

## बहन के प्रेम प्रसंग को लेकर की थी साड़ी व्यापारी की हत्या



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- साड़ी व्यापारी की हत्या में फरार चल रहे मुख्य आरोपित को फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटनास्थल से मृतक का आधार कार्ड बरामद कर लिया। मुख्य आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन का प्रेम प्रसंग व्यापारी से चल रहा था। इसी वजह से उसकी हत्या की। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को जनपद मैनपुरी के करहल रोड, आधार धर्मशाला गाड़ीवान निवासी सराफा व्यापारी दीपक वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह साड़ी व्यापारी मोहम्मद शाफैज की हत्या में वांछित चल रहा था और वह मुख्य हत्यारोपित था। कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश पाल, निरीक्षक कमलेश कुमार और सिविल लाइन चौकी प्रभारी आनंद शर्मा ने हत्यारोपित से पूछताछ की। हत्यारोपित ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन से शाफैज का प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी वजह से वह परेशान था। इसी को लेकर उसने व्यापारी की हत्या कर दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि हत्यारोपित की निशानदेही पर घटनास्थल से शाफैज का आधार कार्ड बरामद कर लिया गया है। न्यायालय के आदेश पर सराफा व्यापारी दीपक वर्मा को जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस नौ अप्रैल को प्रकाश में आए जनपद मैनपुरी के गीतापुरम कालोनी निवासी हाकिम सिंह यादव पुत्र को जेल भेज चुकी है। अब पुलिस रामविलास यादव की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि दीपक की बहन की ससुराल फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में है। दीपक के बहनोई की मौत होने के बाद उसकी बहन का प्रेम प्रसंग शाफैज से हो गया था। तीन अप्रैल को शाफैज का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई थी। शाफैज के पिता मोहम्मद सलीम ने दीपक, उसकी बहन और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।